भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5013
गुरूवार, 25 अप्रैल, 2013

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का लाभांश

5013 . श्री दिनेश चन्द्र यादव:
श्री अनंत कुमार हेगड़े:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय के अंतर्गत सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने वर्ष 2012-13 के लिए लाभांश की घोषणा की है ;

(ख) यदि हां, तो मार्च 2013 की स्थिति के अनुसार घोषित सरकारी उपक्रम-वार लाभांश राशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2011-12 की राशि की तुलना में उक्त लाभांश राशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या वर्ष 2013-14 के वित्त वर्ष के लिए उक्त उपक्रमों द्वारा अधिक लाभांश दिए जाने की संभावना है; और

(ड.) यदि हां, तो उक्त राशि का ब्यौरा क्या है और मार्च, 2013 के अंत तक इन संस्थानों के पास पड़े अप्रयुक्त अतिरिक्त निधियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क) और (ख): केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा लाभांश की घोषणा अपने वार्षिक लेखाओं को अंतिम रूप दिए जाने, लेखा परीक्षण और बोर्ड द्वारा स्वीकार किए जाने तथा तदुपरांत वार्षिक आम सभा में स्टेकहोल्डरों द्वारा अनुमोदन के बाद की जाती है। चूंकि यह प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई है, इसलिए भारी उद्योग विभाग के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा वर्ष 2012-13 के लिए लाभांश की घोषणा मार्च, 2013 तक नहीं की गई है। तथापि, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने वर्ष 2012-13 के लिए 518.89 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश घोषित किया है।

(ग): बीएचईएल ने वर्ष 2011-12 के लिए 1567 करोड रुपए का अंतिम लाभांश घोषित किया था।

(घ) और **(ड.):** उपर्युक्त (क):को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****